कुल पृष्ठों की संख्या : 11

हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर–2021

आदर्श उत्तर

130

विषय : राजनीति विज्ञान

Subject: POLITICAL SCIENCE

उ.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(5×1=5)**

(1) 6 अगस्त 1945

(2) चीन

(3) 1972

(4) श्री नरसिम्हा राव

(5) लाल बहादुर शास्त्री

उ.2 (1) न्युयार्क (अमेरिका) **(5×1=5)**

(2) आसियान सुरक्षा समुदाय

(3) श्री. राजगोपालाचारी

(4) मूल ढांचे

(5) जेनमोर्चा

उ.3 सही जोड़ियाँ – **(5×1=5)**

(1) सन् 1971

(2) सन् 1968

(3) 24 अक्टूबर 1945

(4) 14 मई 1954

(5) 22 अक्टूबर 1947

उ.4 सत्य/असत्य – **(5×1=5)**

(1) सत्य

(2) सत्य

(3) असत्य

(4) सत्य

(5) सत्य

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.5 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(5×1=5)**

(1) उत्तर अटलांटिक संधि संगठन

(2) लगभग 150 कि.मी.

(3) 1 नवंबर, सन् 1993

(4) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन

(5) अण्डों के उत्पादन में वृद्धि

उ.6 शीतयुद्ध ''युद्ध'' न होकर युद्ध की परिस्थिति को स्थापित करने की कला है, जिसमें प्रत्येक विषय पर प्रत्येक पक्ष अपने संकीर्ण हितों को ध्यान में रखकर विचार तथा कार्य करता है। **(2)**

अथवा

उ.6 द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद शक्तिशाली देशों (रूस, अमेरिका) का दो गुटों में विभक्त होना ही दो ध्रुवीय विश्व कहलाता है।

उ.7 भारत की ''पूर्वी अवलोकन'' नीति का उद्देश्य आसियान देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाना था। **(2)**

अथवा

उ.7 रूसे मध्य एशिया के गणराज्य और पूर्वी यूरोप के देशों में पूंजीवाद की ओर संक्रमण का एक खास मॉडल अपनाया गया। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा निर्देशित इस मॉडल को ''शॉक थेरेपी'' कहा गया।

उ.8 यह शब्द किसी एक राज्य के नेतृत्व अथवा प्रभुत्व का आभास कराता है। इसकी जड़ें प्राचीन यूनान से शुरू हुई। **(2)**

अथवा

उ.8 आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका द्वारा विश्वव्यापी युद्ध के एक अंग के रूप में चलाया गया अभियान ऑपरेशन एड्यूरिंग एक सैन्य अभियान था।

उ.9 **शर्तें –** **(2)**

(1) दोनों देश अपनी सभी समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का प्रयास करेंगे।

(2) समस्या के समाधान के लिए दोनों देश सैन्यबल का प्रयोग नहीं करेंगे।

(3) दोनों ही देश शीघ्र ही डाक, तार, जल, थल, वायु, मार्ग और संचार सेवाओं को बहाल करने का कार्य करें।

अथवा

उ.9 न्युपूर द्वीप भारत एवं बांग्लादेश की भौगोलिक सीमाओं के समीप स्थित बंगाल की खाड़ी में एक छोटा सा द्वीप है। इस द्वीप का क्षेत्रफल 12 वर्ग कि.मी. है। 1974 में इस द्वीप की खोज हुई थी। यह द्वीप भारतीय सीमाओं में स्थित है, फिर भी बांग्लादेश इस द्वीप पर अपना दावा करता है। वर्तमान में यह द्वीप भारत के अधिकार क्षेत्र में है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.10 **नवीन आर्थिक सुधार के दोष –** **(2)**

(1) सार्वजनिक क्षेत्र के स्थान पर निजी क्षेत्र को बढ़ावा।

(2) आधारभूत उद्योगों की उपेक्षा, उपभोक्ता वस्तु उद्योगों को महत्व।

अथवा

उ.10 विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव का अर्थ है, कि विश्व के विभिन्न देश का दूसरे से जुड़े हुए है, संचार साधनों के विकास के कारण हम विश्व में कहीं भी आसानी से आ जा सकते है, और अपने विचारों का प्रवाह भी टेलीग्राफ, टेलीफोन और इंटरनेट के नवीनतम आविष्कारों के माध्यम से आसानी से कर सकते है। इन नवीनतम आविष्कारों ने विश्व के विभिन्न भागों के बीच संचार की क्रांति ला दी है।

उ.11 **राजनीतिक दल की आवश्यकताएं –** **(3)**

(1) राजनीतिक दल जनता में राजनीतिक जागरूकता उत्पन्न करते है।

(2) राजनीतिक दल सरकार व जनता के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाते हैं।

(3) विपक्षीदल के रूप से राजनीतिक दल सरकार की तानाशाही व मन मानेपनपर रोक लगाते है।

अथवा

उ.11 **चुनाव आयोग के समक्ष चुनौतियां –**

(1) चुनाव कराने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का सीमांकन कराना।

(2) मताधिकार प्राप्त व्यक्तियों की मतदाता सूची बनाना।

(3) मतदान की पद्धति के बारे में निर्णय लेना, क्योंकि मतदाताओं में से मात्र 15% ही साक्षर थे।

(4) सार्वभौम मताधिकार जिसके अंतर्गत महिला व पुरुष दोनों को मताधिकार देना था।

उ.12 इंदिरा गांधी समाजवादी नेता थी, उन्हें मालुम था कि भारत की जनसंख्या बहुसंख्यक थी जो गांवो में निवास करती है, जो गरीबी रेखा से नीचे है, अतः भारत को विकास करने के लिए इन गरीबों को विकसित करना होगा इस कारण उन्होंने अनेक योजनाएं चालु की जिस कारण वो लोकप्रिय हुई।

इनमें प्रमुख थे – गरीबी हटाओं, बैंकों का राष्ट्रीयकरण सामाजिक व आर्थिक नीति, प्रिवी पर्स की समाप्ति, 20 सूत्रीय कार्यक्रम आदि। **(3)**

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.12 प्रिवी पर्स – स्वतंत्रता के बाद रियासतों का विलीनीकरण किया गया तब सरकार ने रियासतों को निश्चित मात्रा में धन संपदा रखने का अधिकार दिया था तथा सरकार की तरफ से विशेष भत्ते भी दिये जाते थे, जिसे प्रिवी पर्स कहा जाता था।

प्रिवीपर्स को लेकर भारतीय नेताओं ने समय–समय पर अपना असंतोष व्यक्त किया था। 1967 के चुनावों के बाद इंदिरा गांधी ने इसे समाप्त करना चाहा। 1970 में लोकसभा में इसकी समाप्ति का बिल पास हो गया, लेकिन राज्यसभा में पास नहीं हो सका। 1971 के चुनवों में इंदिरा गांधी ने इसे सामाजिक, आर्थिक समानता के साथ जोड़ा जिसका लोगों ने समर्थन किया और 1971 के आम–चुनावों में जीत के बाद ''प्रिवी पर्स'' को समाप्त कर दिया।

उ.13 निः शस्त्रीकरण वह कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य शस्त्रों के अस्तित्व और उसकी प्रकृति से उत्पन्न कुछ विशिष्ट खतरों को कम अथवा समाप्त करता है। **(3)**

आवश्यकता –

(1) विश्व शांति की स्थापना के लिए।

(2) आर्थिक हानि से बचने के लिए।

(3) आण्विक अस्त्र–शस्त्रों से बचने के लिए।

(4) पर्यावरण की रक्षा के लिए।

अथवा

उ.13 (1) किसी देश अथवा गठबंधन की तुलना में अपनी ताकत का असर बढ़ाने के लिए देश सैन्य गठबंधन बनाते है।

(2) नाटों का बहुत शक्तिशाली गठबंधन है जो आज भी मौजूद है। इस गठबंधन के उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिमी यूरोपीय देशों की सामुहिक सैन्य सुरक्षा को बनाए रखना और पश्चिमी देशों के सैन्य, वैचारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वर्चस्व को बनाए रखना है।

उ.14 सन् 1996 परमाणु निः शस्त्रीकरण की दिशा में नवीनतम कदम है। सी.टी.बी.टी. मामले को 10 सितंबर 1996 को महासभा ने 3 के मुकाबले 158 मतों से पारित कर दिया। भारत, भूटान और लोबिया ने इसके विपक्ष में मत दिया। 1997 में तक इस संधि पर 146 राष्ट्रों ने हस्ताक्षर कर दिये थे। यह संधि सभी प्रकार के आण्विक शस्त्र संबंधी विस्फोट परीक्षण को प्रतिबंधित करती है। लेकिन परमाणु–शक्ति सम्पन्न देश अपने परमाणु शस्त्रों को समयबद्ध कार्यक्रम के आधार पर नष्ट की बात स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उनका आण्विक निः शस्त्रीकरण में विश्वास नहीं है। **(3)**

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.14 **शक्ति संतुलन का अर्थ** – शक्ति संतुलन का अर्थ है कि किसी भी देश को इतना सबल नहीं बनने दिया जाए कि वह दूसरों की सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए शक्ति संतुलन के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्र अपने आपसी संबंधों को बिना किसी बड़ी शक्ति के हस्तक्षेप के स्वतंत्रापूर्वक संचालित करते है इस प्रकार यह एक विकेंद्रित व्यवस्था है, जिसमें शक्ति तथा नीतियां निर्णायक इकाइयों के हाथों में ही रखी जाती है।

संतुलन बनाये रखने के उपाय –

(1) शक्ति संतुलन बनाने के लिए एक साधारण तरीका गठजोड़ एवं प्रति गठजोड़ है।

(2) शक्ति संतुलन बनाऐ रखने का एक तरीका शस्त्रीकरण एवं निःशस्त्रीकरण है।

उ.15 **1975 में राष्ट्रीय आपाकाल की घोषणा के कारण** – **(4)**

(1) चुनी हुई सरकार को लोकतंत्र में विपक्षी दल उसकी नीतियों के अनुसार शासन नहीं चलाने दे रहे।

(2) बार–बार धरना प्रदर्शन सामूहिक कार्यवाही, राष्ट्रव्यापी आंदोलन की धमकियां देकर अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करना।

(3) इंदिरा गांधी ने शाह आयोग को एक चिट्ठी में लिखा कि षड़यंत्रकारी ताकतें सरकार के प्रगतिशील कार्यक्रमों में अडंगे डाल रही थी।

(4) गैर संवैधानिक साधनों के बूते सत्ता से बेदखल करना चाहती थी।

अथवा

उ.15 **1980 में मध्याविधि** – जनता पार्टी मूलतः इंदिरा गांधी के मनमाने शासन के विरुद्ध विभिन्न पार्टियों का गठबंधन था इसीलिए शीघ्र ही जनता पार्टी बिखर गई और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार ने 18 माह में ही अपना बहुमत खो दिया। कांग्रेस पार्टी के समर्थन पर दूसरी सरकार चरण सिंह के नेतृत्व में बनी लेकिन बाद में कांग्रेस पार्टी ने समर्थन वापस लेने का फैसला लिया इस वजह से चरण सिंह की सरकार मात्र चार महीने तक सत्ता में रही। 1980 में लोकसभी के लिए नए सिरे से चुनाव करवाने पड़े।

उ.16 भारतीय राजनीति पर चीन आक्रमण के परिणाम निम्नलिखित हैं – **(4)**

(1) भारती की छवि

(2) कम्युनिस्टों पर प्रभाव

(3) भारत की घरेलु नीति

(4) भारत चीन संबंध

चीनी के साथ भारत के राजनीतिक संबंध टूट गये और दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध जो आपसी व्यापार का बड़ा साधन था बंद कर दिया गया। संबंधों को सामान्य बनाने के लिए अटल बिहारी बाजपेयी जी जो उस समय के विदेश मंत्री थे चीन की यात्रा पर गये।

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.16 भारत के स्वतंत्रता के समय पूरा विश्व दो गुटों में बटा हुआ था, एक गुट जिसका प्रतिनिधित्व अमरीका कर रहा था तो दूसरा गुट जिसका प्रतिनिधित्व सोवियत संघ कर रहा था इन दोनों गुटों में से किसी एक गुट के सदस्य अधिकांश देश थे, इस समय भारत ने नव स्वतंत्रराष्ट्र होने के बाद भी गुटनिरपेक्षता की नीति का पालन किया। भारत ने अपनी सुरक्षा व संप्रभुता के लिए 1971 में सोवियत संघ के साथ मित्रता, शांति व सहयोग की संधि की।

वर्तमान में भारत के सभी देशों के साथ मधुर संबंध है। भारत–पाक संबंधों में भी कई नई बाते जुड़ी हैं, लेकिन संबंधों को सामान्य करने व शांतिपूर्ण जीवन के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं।

उ.17 **भारत विभाजन के लिए उत्तरदायी कारण –** **(4)**

(1) द्विराष्ट्र सिद्धांत

(2) कांग्रेस और मुस्लिम लीग में प्रतिस्पर्धा

(3) अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति

(4) सांप्रदायिक दंगे

(5) लार्ड माउन्टबेटन का प्रभाव

अथवा

उ.17 शरणार्थी कहीं से आये उन्हें शरण स्थल में आर्थिक, सामाजिक, रातनीतिक, भावात्मक संवेदो से गुजराना पड़ता है। पाकिस्तान से आसे शरणार्थियों से उपजे प्रभाव का अनुभव निम्नांकित तथ्यों से कर सकते हैं।

(1) शरणार्थीयों के व्यवस्थापन और पुर्नवास से बढ़ा आर्थिक बोझ।

(2) शरणार्थीयों द्वारा पाकिस्तान में छोड़ी गयी संपत्तियों की क्षतिपूर्ति की समस्या।

(3) नेहरू लियाकत समझौता।

(4) पुर्नवास की समस्या।

उ.18 **निर्वाचन आयोग के कार्य एवं शक्तियां –** **(4)**

(1) मतदाता सूचिया तैयार करना।

(2) संसद व राज्य विधान मण्डलों के लिए निर्वाचन कराना।

(3) कर्मचारियों पर नियंत्रण

(4) राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति का निर्वाचन कराना।

(5) निर्वाचन की तिथियाँ और कार्यक्रम घोषित करना।

(6) चुनाव खर्चों की जांच करना।

अथवा

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.18 प्रथम आम चुनाव 1952 से लेकर वर्तमान तक मतदाता के तरीकों में व्यापक परिवर्तन आया है। इस समय मतदान केंद्र पर हर एक उम्मीदवार के लिए एक मतपेटी रखी जाती थी जिस पर उम्मीदवार का नाम व चिन्ह होता था प्रत्येक मतदाता को एक कोरा मतपत्र दिया जाता था जिसे वह के उम्मीदवार की पेटी में डाल देता था। 1957 में यह पद्धति बदल गई अब मतदान केंद्र पर एक ही पतपेटी रखी जाने लगी तथा मतपत्र पर उम्मीदवार का नाम व चिन्ह अंकित किया जाने लगा। जिस पर मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम व चिन्ह के सामने मत अंकित करता था। 1990 के दशक के अंत में चुनाव आयोग ने EVM इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल शुरू किया।

उ.19 **भारत में नियोजन की आवश्यकता के कारण –** **(4)**

स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था अर्द्धविकसित व पिछड़ी हुई थी। अतः इसके तीव्र विकास के लिए एक निश्चित व्यूह रचना किया जाना आवश्यक है।

(1) संविधान में वर्णित नीति निदेशकों के क्रियान्वयन हेतु।

(2) निर्धनता एवं बरोजगारी दूर करते हेतु।

(3) उपलब्ध साधनों का सही उपयोग से आत्मनिर्भरता प्राप्त करने हेतु।

(4) आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु।

(5) समाजवादी समाज की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु।

अथवा

उ.19 **आर्थिक नियोजन के लाभ –**

(1) प्राप्त साधनों का अनुकूलतम उपयोग।

(2) केंद्रीय नियोजन सत्ता का प्रभुत्व।

(3) निश्चित एवं दीर्घकालीन प्रक्रिया।

(4) सामाजिक लाभ को प्राथमिकता।

उ.20 **संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग –** **(4)**

(1) महासभा

(2) सुरक्षा परिषद

(3) न्याय परिषद

(4) सचिवालय

(5) आर्थिक तथा सामाजिक परिषद

(6) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

अथवा

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.20 **विश्व बैंक के प्रमुख कार्य –**

(1) विश्व बैंक अपने सदस्य राष्ट्रों को विकास योजनाओं के लिए ऋण प्रदान करता है।

(2) यह किसी भी गैर–सरकारी संस्था को ऋण प्रदान कर सकता है।

(3) विश्व बैंक ऋण की मात्रा और गारंटी आदि के निर्धारण का कार्य करता है।

(4) विश्व बैंक सदस्य देशों के अधिकारियों को विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन का प्रशिक्षण भी देता है।

(5) विश्व बैंक निरीक्षण का भी कार्य करती है।

उ.21 **यूनेस्कों के द्वारा संपादित कार्यो की समीक्षा –** **(4)**

(1) शिक्षा

(2) विज्ञान

(3) संस्कृति

(4) प्रकाशन

(5) विज्ञानों का आदान–प्रदान

यूनेस्को ने विशिष्ट समस्याओं के समाधान में जातिगत समस्या, पूर्व पश्चिम के तनाव को कम करने में विशेष सफलता पाई है। मानव जाति की एकता में बढ़ोत्तरी हुई। अंतर्राष्ट्रीय संबंध, संचार के विकास, शिक्षा पुननिर्माण तथा सांस्कृतिक आदान–प्रदान में इसके कार्य सराहनीय है। जातिवाद के उन्मूलन, शरणार्थियों के पुर्नवास तथा विश्व में मानव जीवन का स्तर ऊँचा करने में इसका योगदान सराहनीय रहा है।

अथवा

उ.21 भारत का संयुक्त राष्ट्र संघ को शक्तिशाली बनाने में महान योगदान रहा है, जिन्हें निम्न शीर्षकों में बांट सकते हैं –

(1) अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को बढ़ाने में योगदान।

(2) संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्वव्यापी संस्था बनाने में सहयोग।

(3) रंगभेद की निति के विरुद्ध संघर्ष।

(4) आर्थिक व सामाजिक समस्याओं के समाधान में भूमिका।

(5) निः शस्त्रीकरण के लिए प्रयास।

(6) मानव अधिकारों की रक्षा।

उ.22 श्रीलंका की 17–13 मिलियन की आबादी में 74% सिंहली 13% श्रीलंका के तमिल, 6% भारतीय मूल के तमिल और शेष अन्य लोग रहते हैं। तमिल धर्म से हिंदू कहलाते हैं और सिंहली बौद्ध। तमिल लोगों ने श्रीलंका के उत्तर के जाफना जिले पर कब्जा कर रखा है। अनेक कारणों से तमिलों का एक और संगठन तुल्फ स्वायत्तता की मांग कर रहा है। यह संगठन श्रीलंका को विभाजित नहीं करना चाहता है, परंतु यह तमिलों के लिए एक स्वतंत्र देश के नागरिकों की तरह जीवन व्यतीत करने का अधिकार पाना चाहता है। यही मुद्दा तमिल आंदोलन का मुख्य आधार है। **(5)**

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.22 **भारत और श्रीलंका के मध्य मतभेद के कारण –**

(1) समुद्री सीमा निर्धारण की समस्या

(2) तमिल समस्या

(3) श्रीलंका का पश्चिमी देशों की ओर झुकाव

(4) तमिल कारमन और एल.टी.टी.ई. जैसी उग्रवादी संगठनों की स्थापना

उ.23 सात देशों (भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालद्वीप) का क्षेत्रीय संगठन सार्क कहलाता है। इसकी स्थापना का विचार बांग्लादेश के भूतपूर्व राष्ट्रपति जियाउलरहमान ने सन् 1980 में दिया था। 1985 में भूटान में विदेश मंत्रीयों की बैठक हुई जिसमें सार्क के चार्टर तथा ढाका घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर कर इस संघ के निर्माण की घोषणा की गई। **(5)**

सार्क के अंग –

(1) शिखर सम्मेलन

(2) मंत्रिपरिषद

(3) स्थायी समिति

(4) कार्यकारी समिति

(5) सचिवालय

अथवा

उ.23 **भारत बांग्लादेश के मध्य तनाव के कारण –** शेष मुजीबुर्रहमान की हत्या के बाद बांग्लादेश में जो भी सरकारें बनी उनका भारत के प्रति कठोर दुख था। इन शासकों ने भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक नीति अपनाई।

तनाव के कारण –

(1) फरक्का बांध विवाद

(2) बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार

(3) न्युमूर विवाद

(4) अक्टूबर 1977 में बांग्लादेश में राष्ट्रपति जियादुर्रहमान का तख्ता पलटने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली।

(5) जब भारत ने अपनी सीमा पर आसाम में काटेदार तार लगाने का कार्य प्रारंभ किया तो बांग्लादेश के सेनिकों ने गोलीबारी की। इससे दोनों देशों में तनाव उत्पन्न हो गया।

उ.24 **भारतीय लोकतंत्र पर आपातकाल के प्रमुख दुष्प्रभाव –** **(5)**

(1) राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

(2) प्रेस (मीडिया पर) पर प्रभाव

(3) मौलिक अधिकारों पर प्रभाव

(4) जनसंख्या नियंत्रण की अनिवार्यता को मंजूरी

(5) दलीय प्रणाली पर दुष्प्रभाव

(6) लोकतांत्रिक व्यवस्था का हनन

(7) सहयोग की जगह तनाव एवं मतभेद खड़े होने शुरू हो गये

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.24 1977 के चुनाव में कांग्रेस की पराजय अथवा जनता पार्टी थी जीत के लिए निम्न कारण उत्तरदायी थे।

(1) आपातकाल में नागरिकों की स्वतंत्रताओं का हनन

(2) आर्थिक समस्याओं के प्रति असंतोष

(3) परिवार नियोजन कार्यक्रम की लोकप्रियता

(4) विपक्षी दलों में एकता

(5) विपक्षी नेताओं के प्रति लोगों की सहानुभूति

उ.25 **तनाव शैथिल्य की विशेषताएं –** (5)

(1) तनाव शैथिल्य एक प्रक्रिया जिसके अंतर्गत दो देशों के बीच तनाव को कम किया जाता है।

(2) तनाव शैथिल्य द्वारा तनाव में कभी की प्रक्रिया मुख्यतया अमेरिका तथा सोवियत संघ के मध्य की गई थी।

(3) तनाव शैथिल्य प्रक्रिया के अंतर्गत महाशक्तियां शीत युद्ध के तनाव में कमी विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग द्वारा करती थी।

(4) तनाव शैथिल्य का तात्पर्य था कि अमेरिका सोवियत संघ के वैचारिक अथवा अन्य मतभेद समाप्त हो गये थे।

अथवा

उ.25 **भारतीय विदेश नीति के निर्धारक तत्व –**

(1) भूराज नीतिक आवश्यकताएं

(2) पड़ोसी देशों के संबंध में भारत की स्थिति

(3) राष्ट्रीय विकास

(4) राष्ट्रीय सुरक्षा

(5) अंतराष्ट्रीय सुरक्षा को प्रोत्साहन

उ.26 **वनों की कटाई का पर्यावरण पर प्रभाव –** (5)

(1) वनों की कटाई से भुस्खलन एवं मृदा–अपरदन की घटनाओं में वृद्धि।

(2) वनों की कटाई से बाढ़ की समस्याओं में वृद्धि हुई है, बाढ़ की वजह से हर वर्ष जानमाल का भारी नुकसान होता है।

(3) वनों की कटाई से भूमि की उर्वरा शक्ति का ह्रास होता है, जिससे फसल उत्पादन में कमी हुई है।

(4) औद्योगिक क्षेत्रों को कच्चामाल कम होने की संभावना बढ़ जाती है।

(5) वनों की कटाई से पशुओं के चारे की कमी हो रही है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.26 **सहकारिता आंदोलन में मुख्य है** – सहकार अर्थात् मिल जुलकर कार्य करना।

उद्देश्य –

(1) प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक सुरक्षा व न्याय प्रदान कराना उसे आर्थिक विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना ताकि वह अपनी क्षमताओं का पूर्ण व कुशल उपयोग कर सके।

(2) समाजवादी व्यवस्था की स्थापना में सहायता करना यह आंदोलन एक पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के दोषों को दूर करने वाला शासन स्थापित करना चाहता है।

(3) सहकारिता आंदोलन का एक उद्देश्य जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा में सहयोग को बढ़ावा देना है, इससे लोगों में सहयोग की भावना का विकास होता है व समाज को अनेक लाभ होता है।

---

schools.aglasem.com
aglasem.com

कुल प्रश्नों की संख्या : 26
Total No. of Questions: 26

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर–2021

130

विषय : राजनीति शास्त्र

Subject: POLITICAL SCIENCE

(Hindi & English Versions)

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

निर्देश :–

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक का है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न, 2 अंक का है। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न, 3 अंक का है। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न, 4 अंक का है। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक प्रत्येक प्रश्न, 5 अंक का है। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द हैं।

Instructions:

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No. 1 to 5 are objective type questions. Each question is allotted 5 marks.

(iii) Internal options are given from Question No. 6 to 26.

(iv) Question No. 6 to 10 carries 2 marks each and answer should be given in about 30 words.

(v) Question No. 11 to 14 carries 3 marks each and answer should be given in about 75 words.

(vi) Question No. 15 to 21 carries 4 marks each and answer should be given in about 120 words.

(vii) Question No. 22 to 26 carries 5 marks each and answer should be given in about 150 words.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(5×1=5)**

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका ने किस तिथि को हिरोशिमा पर अणु बम गिराया था?
(a) 9 अगस्त, 1945 (b) 3 मई, 1945
(c) 25 जुलाई, 1945 (d) 6 अगस्त, 1945

(2) इनमें से किस देश ने ''खुले द्वार'' की नीति अपनाई?
(a) चीन (b) यूरोपीय संघ
(c) जापान (d) अमेरिका

(3) शिमला समझौता कब हुआ?
(a) 1972 (b) 1970
(c) 1978 (d) 1977

(4) किस प्रधान मंत्री ने नई आर्थिक नीति की घोषणा की थी?
(a) श्रीमति इंदिरा गांधी (b) श्री राजीव गांधी
(c) श्री नरसिम्हा राव (d) डॉ. मनमोहन सिंह

(5) ''जय जवान जय किसान'' का नारा किसने दिया?
(a) लाल बहादुर शास्त्री (b) इंदिरा गाँधी
(c) पं. नेहरू (d) राममनोहर लोहिया

Choose the correct answer -

(1) When did USA drop atomic bombs on Hiroshima?
(a) 9th August, 1945 (b) 3th May, 1945
(c) 25th July, 1945 (d) 6th August, 1945

(2) Which of these countries accepted the policy of 'open-door'?
(a) China (b) European League
(c) Japan (d) America

(3) When did "Shimla Pact" done?
(a) 1972 (b) 1970
(c) 1978 (d) 1977

(4) Which Prime Minister announced the New Economic Policy?
(a) Mrs. Indira Gandhi (b) Mr. Rajiv Gandhi
(c) Mr. Narsimha Rao (d) Dr. Manmohan Singh

(5) Who gave the slogan, "Jai Jawan Jai Kisan"?
(a) Lal Bahadur Shastri (b) Indira Gandhi
(c) Pandit Nehru (d) Ram Manohar Lohia

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(5×1=5)**

(1) वर्ल्ड ट्रेड सेंटर .....में स्थित था।

(2) .....आसियान का एक स्तंभ है, जो इसके सदस्य देशों की सुरक्षा के मामले देखता है।

(3) भारत के पहले भारतीय गर्वनर जनरल.....थे।

schools.aglasem.com
aglasem.com

(4) केशवानंद भारती प्रकरण में संविधान के .....को परिभाषित किया गया।

(5) वी.पी. सिंह ने .....सरकार को नेतृत्व किया था।

Fill in the blanks -

(1) The World Trade Centre was situated in.....

(2) .....is a pillar of ASEAN, which looks after the matters of security of its member's countries.

(3) .....was the first Governor General of India.

(4) In the case of Kesavananda Bharti .....of the constitution was defined.

(5) V.P. Singh had led the .....Government.

प्र.3 सही जोड़ियाँ बनाइए – **(5×1=5)**

"अ"		"ब"	
(1)	बांग्लादेश का उदय	(a)	सन् 1968
(2)	परमाणु अस्त्र प्रसार संधि	(b)	सन् 1971
(3)	संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना	(c)	14 मई, 1954
(4)	कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त होने की तिथि	(d)	24 अक्टूबर, 1945
(5)	कबाइलियों की कश्मीर पर हमले की तिथि	(e)	सन् 1953

Match the right pair -

"A"		"B"	
(1)	Rise of Bangladesh	(a)	1968
(2)	Nuclear Weapons Proliferation Treaty	(b)	1971
(3)	Establishment of UNO	(c)	14th May, 1954
(4)	Date of which Kashmir got great special state	(d)	24th October, 1945
(5)	Date on which kabailis attacked Kashmir	(e)	1953
(6)	Date of foundation of States Reorganisation Commission	(f)	22nd October, 1947

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.4 सत्य / असत्य बताइए – (5×1=5)

(1) सन् 1917 में बोल्शेविक क्रांति हुई।

(2) रूबल रूसी मुद्रा है।

(3) राम मनोहर लोहिया ने ''संसद मार्च'' का नेतृत्व किया।

(4) 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

(5) असंलग्नता की नीति ने एक विश्वव्यापी आंदोलन को जन्म दिया।

Write the true/false -

(1) Bolshevik Revolution took place in 1917.

(2) Ruble is the Russian currency.

(3) Ram Manohar Lohia led the "Sansad March".

(4) Human Rights Day is celebrated on 10th December.

(5) Policy of Non-Alignment gave birth to a worldwide movement.

प्र.5 एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर दीजिए – (5×1=5)

(1) नाटो (NATO) का पूरा नाम लिखिए।

(2) बर्लिन की दीवार की लंबाई कितनी थी?

(3) यूरोपीय संघ की स्थापना कब हुई?

(4) E.V.M. का पूरा नाम क्या है?

(5) ''प्रिवी पर्स'' किनसे संबंधित था?

Answer in one word / one sentence -

(1) Write full form of NATO.

(2) What was the length of the Berlin wall?

(3) When did European League established?

(4) Write full form of E.V.M.

(5) To whom "Privy purse" is associated.

प्र.6 शीत युद्ध क्या है? (2)

What is Cold War?

अथवा / OR

दो ध्रुवीय विश्व से क्या अभिप्राय है?

What is meant by Bipolar World?

प्र.7 भारत की 'पूर्वी अवलोकन नीति' का क्या उद्देश्य था? (2)

What was the aim of India's 'Look East Policy'?

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा / OR

शॉक थैरेपी क्या है?

What is shock therapy?

प्र.8 'हेगेमनी' क्या है? (2)

What is 'Hegemony'?

अथवा / OR

ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम क्या है?

What is Operation Enduring Freedom?

प्र.9 शिमला समझौते की तीन शर्तें लिखिए। (2)

Write three conditions of Shimla Pact.

अथवा / OR

भारत बांग्लादेश के मध्य न्यू मूर द्वीप विवाद के क्या कारण थे?

What were the reasons of dispute on New moore Island between India and Bangladesh?

प्र.10 नवीन आर्थिक सुधार के दो दोष लिखिए। (2)

Write any 2 flaws of new economic reforms.

अथवा / OR

विश्वव्यापी 'पारस्परिक जुड़ाव' क्या है?

What is Worldwide 'Mutual Connection'?

प्र.11 राजनीतिक दल क्यों आवश्यक है? (3)

Why are political parties necessary?

अथवा / OR

प्रथम आम चुनाव के समय चुनाव आयोग के समक्ष कौन–कौन सी चुनौतियाँ थीं?

What were the challenges before Election Commission at the time of first general elections?

प्र.12 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी? (3)

What were the reasons of popularity of Indira Gandhi Government in the 1970s?

अथवा / OR

'प्रिवी पर्स' क्या है? इसे किसने समाप्त किया?

What is "Privy Purse"? Who ended it?

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.13 निःशस्त्रीकरण की आवश्यकता का विवेचन कीजिए। (3)

Discuss the need for Disarmament.

अथवा / OR

सैन्य गठबंधन के क्या उद्देश्य होते हैं? किसी ऐसे सैन्य गठबंधन का नाम बताएं जो अभी मौजूद है। इस गठबंधन के उद्देश्य भी बताएं।

What are the aims of military alliance? Name any such military alliance which is still present. Write the aims of this alliance.

प्र.14 व्यापक परमाणु परीक्षण निषेध संधि को स्पष्ट कीजिए। (3)

Clarify Comprehensive Test Ban Treaty.

अथवा / OR

''शक्ति–संतुलन'' क्या है? कोई देश इसे कैसे कायम करता है?

What is the Balance of Power? How can any country established it?

प्र.15 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे? (4)

What were the reason government for announcing National Emergency in 1975?

अथवा / OR

किन कारणों से 1980 में मध्यावधि चुनाव करवाने पड़े?

What were the reasons of Midterm Election in 1980?

प्र.16 चीन का भारत पर आक्रमण का परिणाम भारतीय राजनीति पर क्या पड़ा? (4)

What were the effects of China's attack on Indian Politics?

अथवा / OR

भारत तथा विश्व राजनीति में बदलते गठबंधन का वर्णन कीजिए।

Explain the changing alliances in India and World Politics.

प्र.17 भारत विभाजन के कारण लिखिए। (4)

What were the causes of Partition of India?

अथवा / OR

शरणार्थी समस्या के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the effects of refugee problem.

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.18 निर्वाचन आयोग के कार्य एवं शक्तियों को लिखिए। (4)

Write the works and powers of the Election Commission.

अथवा / OR

मतदान के बदलते तरीके का वर्णन कीजिए।

Explain the changing methods of voting.

प्र.19 भारत में नियोजन की आवश्यकता के कारण लिखिए। (4)

Write the reasons of need of planning in India.

अथवा / OR

आर्थिक नियोजन के लाभ को लिखिए।

Write the advantages of Economic Planning.

प्र.20 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों का वर्णन कीजिए। (4)

Explain the main parts of UNO.

अथवा / OR

विश्व बैंक के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए।

Illustrate the main works of World Bank.

प्र.21 ''यूनेस्को'' के द्वारा संपादित कार्यों की समीक्षा कीजिए। (4)

Review the works done by "UNESCO".

अथवा / OR

अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों में भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ में भूमिका लिखिए।

Write the role of India in UNO in international peace effects.

प्र.22 श्रीलंका के जातीय संघर्ष में किसकी भूमिका प्रमुख है? (5)

Who are responsible for the social struggle in Sri Lanka?

अथवा / OR

भारत और श्रीलंका के मध्य मतभेद के चार कारण लिखिए।

Write the four reasons of differences between India and Sri Lanka.

प्र.23 दक्षेस के महत्त्व को लिखिए। (5)

Write the significance of (ASEAN) SAARC.

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा / OR

भारत–बांग्लादेश के मध्य तनाव के प्रमुख कारण लिखिए।

Write the main reason of tension between India and Bangladesh.

प्र.24 भारतीय लोकतंत्र पर आपातकाल के प्रमुख दुष्प्रभावों को समझाइये। (5)

Explain the major side effects of the emergency of Indian Democracy.

अथवा / OR

सन् 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की जीत के क्या कारण रहे हैं? वर्णन कीजिए।

What were the reasons for the victory of Janata Party in the 1977 Lok Sabha election? Describe.

प्र.25 तनाव शैथिल्य की प्रमुख विशेषताएं लिखिए। (5)

Write the main features of Detente.

अथवा / OR

भारतीय विदेश नीति के निर्धारक तत्व लिखिए।

Write the directive elements of Indian Foreign Policy?

प्र.26 वनों की कटाई का पर्यावरण पर क्या दुष्प्रभाव पड़ा? (5)

What were the negative effects of deforestation on Environment?

अथवा / OR

सहकारिता आंदोलन की परिभाषा एवं उद्देश्य लिखिए।

Define Co-operative Movement and write its objectives.

---

schools.aglasem.com

aglasem.com